पत्रिका

जयपुर: न्यू ट्रांसपोर्ट नगर में नकली उर्वरक फैक्ट्री पकड़ी, 20 लाख का नकली उर्वरक जब्त

जयपुर। हरमाड़ा थाना क्षेत्र के सीकर रोड स्थित न्यू ट्रांसपोर्ट नगर में शनिवार को कृषि विभाग ने नकली उर्वरक व कीटनाशक बनाने वाली फैक्ट्री पर कार्रवाई की। फैक्टरी से 15 से 20 लाख रुपए मूल्य का नकली उर्वरक बरामद किया गया।

बीज निरीक्षक सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि, उच्चाधिकारियों से सूचना मिलने पर कार्रवाई की गई। मौके पर पहुंचने पर फैक्ट्री पर ताला लगा मिला। मालिक से संपर्क की कोशिश की गई, लेकिन उसका मोबाइल बंद था। इसके बाद हरमाड़ा पुलिस की मौजूदगी में फैक्ट्री का ताला तोड़ा गया।

Source: https://www.patrika.com/jaipur-news/jaipur-fake-fertilizer-factory-caught-in-new-transport-nagar-fake-fertilizer-worth-rs-20-lakh-seized-19654513